नामांक Roll No.

No. of Questions — 23

No. of Printed Pages — 3

SS—06–2—Pub. Adm. II (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2011

वैकल्पिक वर्ग I — कला (OPTIONAL GROUP I — Humanities)

लोक प्रशासन — द्वितीय पत्र

(PUBLIC ADMINISTRATION — Second Paper)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 60

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक **22** व **23** में आन्तरिक विकल्प हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग (i, ii, iii तथा iv) हैं। प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **(अ, ब, स** एवं **द**) हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1. (i) मूल अधिकारों का उल्लेख संविधान के किस भाग में किया गया है ?

(अ) भाग-3 (ब) भाग-5

(स) भाग-4 (द) भाग-6. $\frac{1}{2}$

(ii) राजस्थान में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग किसकी अध्यक्षता में गठित किया गया था ?

(अ) हरीश चन्द्र माथुर (ब) विरप्पा मोइली

(स) शिवचरण माथुर (द) आर. एस. सरकारिया। $\frac{1}{2}$

(iii) अम्बुड्समैन की स्थापना सर्वप्रथम किस देश में की गई थी ?

(अ) ब्रिटेन (ब) नार्वे

(स) स्वीडन (द) अमेरिका । $\frac{1}{2}$

(iv) निम्न में से कौन राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र से सम्बन्धित नहीं रही है ?

(अ) लोक जुम्बिश परिषद (ब) सर्व शिक्षा अभियान

(स) जनशाला कार्यक्रम (द) इन्दिरा महिला योजना । $\frac{1}{2}$

निर्देश : प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **एक** वाक्य में दीजिए।

2. राज्य नियोजन विभाग से संलग्न किसी एक अभिकरण का नाम बताइये। 1

3. ध्वनि मापन की इकाई क्या है ? 1

4. डाइट (DIET) का पूरा नाम क्या है ? 1

5. प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता मिशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बताइए। 1

निर्देश : प्रश्न संख्या **6** से **11** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **40** शब्दों में दीजिए ।

6. लोकतन्त्रात्मक गणराज्य से क्या तात्पर्य है ? 2

7. नीति निरूपण में दबाव समूहों की भूमिका समझाइए । 2

8. राज्य योजना मंडल के कोई चार कार्य बताइए । 2

9. महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित केन्द्र सरकार की किन्हीं चार योजनाओं के नाम बताइए । 2

10. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की भूमिका पर प्रकाश डालिए । 2

11. शिक्षा के क्षेत्र में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर की क्या भूमिका है ? 2

निर्देश : प्रश्न संख्या **12** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **एक** पृष्ठ में दीजिए।

12. विधि के शासन का अर्थ बताते हुए उसकी सीमाओं को दर्शाइए । 3

13. धार्मिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार पर एक टिप्पणी लिखिए। 3

14. नीति की आवश्यकता क्यों होती है ? नीति निरूपण में व्यवस्थापिका की भूमिका बताइए। 3

15. नीति निरूपण में मंत्रिमंडल तथा राष्ट्रपति की भूमिका बताइए। 3

16. योजना आयोग के क्या कार्य हैं ? 3

17. जिला आयोजना समिति से सम्बन्धित समस्याओं पर प्रकाश डालिए । 3

18. भारत के प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग, 1966 पर एक टिप्पणी लिखिए। 3

19. प्रशासन पर नियंत्रण क्यों आवश्यक है ? प्रशासन पर आन्तरिक नियंत्रण के साधन बताइए। 3

20. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों पर एक लेख लिखिए। 3

21. राजस्थान की मुख्य जल आपूर्ति परियोजनाओं के बारे में बताइए। 3

निर्देश : प्रश्न संख्या 22 से 23 के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम चार पृष्ठ में दीजिए।

22. भारत में लोकसेवकों द्वारा अपने आचरण में पालन किए जाने वाले प्रमुख नियमों को बताइए तथा वर्तमान में प्रशासनिक नैतिकता के पतन के कारणों को दर्शाइए। 6

अथवा

राजस्थान में नियोजन विभाग के संगठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिए । 6

23. राजस्थान में सूखे एवं अकाल के कारणों पर प्रकाश डालिए तथा उससे निपटने के लिए किए जा रहे सरकारी प्रयासों को बताइए । 6

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। राजस्थान की पर्यावरणीय समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण के सुझाव दीजिए । 6